मिनेसोटा डीएफएल

मतदाताओं की सुरक्षा

कॉलेज विद्यार्थीयों के मतदान के अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

प्रश्न	उत्तर
मैं मतदान करने के लिए पंजीकरण कैसे करूं?	आप अपने मतदान स्थल पर चुनाव के दिन, या जब आप जल्दी मतदान करने जाते हैं, तो ऑनलाइन, मेल द्वारा, या व्यक्तिगत रूप से पंजीकरण करा सकते हैं! - <u>ऑनलाइन पंजीकरण करने के लिए:</u> राज्य की वेबसाईट पर मिनेसोटा सचिव पर जाएँ। ऑनलाइन पंजीकरण करने के लिए, आपको एमएन आईडी की आवश्यकता नहीं है; आप अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर का उपयोग कर सकते हैं। पूरा फॉर्म राज्य सचिव को मेल किया जा सकता है या आपके स्थानीय काउंटी चुनाव कार्यालय में ड्रॉप किया जा सकता है। - <u>कागज पर पंजीकरण करने के लिए:</u> आप फॉर्म ऑनलाइन प्रिंट कर सकते हैं या उन्हें अपने स्थानीय काउंटी चुनाव कार्यालय में ले सकते हैं। डाक से व ऑनलाइन पंजीकरण, चुनाव के 20 दिन पहले अस्थाई रूप से बंद कर दिया जाता है। यदि आप मतदान के लिए पंजीकरण कराना चाहते हैं और चुनाव के पहले 20 दिनों से कम है, **तो आप चुनाव के दिन या आपके स्थानीय चुनाव कार्यालय पर पंजीकरण करा सकते हैं।**
मतदान करने के लिए पंजीकरण करने के लिए आईडी के स्वीकार्य स्वरूप क्या हैं?	<u>व्यक्तिगत रूप से पंजीकरण करने के लिए, आपको पहचान का कोई फार्म लाना होगा। इसमें शामिल हैं:</u> - आपके ड्राइविंग लायसेंस - एक फोटो आईडी **<u>और</u>** एक दस्तावेज जो आपका पता दर्शाता हो (जैसे कोई युटीलिटी बिल, - एक ट्राईबल आईडी - अन्य पंजीकृत मतदाता जो आपके पते की पुष्टि कर सके। - एक वर्तमान महाविद्यालय के विद्यार्थी आईडी - एक आवासीय फेसिलिटी में कर्मचारी व्यक्ति जो आपके लिए जिम्मा ले सकता हो। आप पहचान के स्वरूपों के लिए अधिक विकल्प यहाँ देख सकते हैं: https://www.sos.state.mn.us/elections-voting/register-to-vote/register-on-election-day/.

<u>अधिक जानकारी:</u>

https://dfl.org/voterprotection/ | https://dfl.org/ | | https://mnvotes.gov

	<u>यदि आप विद्यार्थी हैं, जो ऑन-केम्पस में रहते हैं और आपके स्कूल ने काउंटी को आवासीय विद्यार्थियों की सूची भेजी है:</u> आपको रजिस्टर करने के लिए केवल अपनी छात्र आईडी की आवश्यकता होती है। <u>यदि आपके स्कूल ने काउंटी को आवासीय विद्यार्थियों की सूची **नहीं** भेजी है:</u> आपको अपने छात्र आईडी और एक शुल्क विवरण की आवश्यकता है। (निश्चित ही, किसी एमएन ड्राइवर के लायसेंस की तरह आप इसके स्थान पर कोई अन्य स्वीकार्य आईडी का उपयोग कर सकते हैं।) शुल्क विवरण या तो प्रिन्टेड या डिजिटल हो सकता है। <u>यदि आप चुनाव के दिन पंजीकृत कराना चाहते हैं और आपके पास आईडी नहीं है,</u>: तो आपके पास कोई हो सकता है, जो पंजीकरण हेतु आपके लिए ज़िम्मा ले सके! ज़िम्मा लेने वाला मिनेसोटा का पंजीकृत मतदाता होना चाहिए जो आपको जानता है और यह प्रमाणित कर सकता है कि आप मिनेसोटा निवासी हैं। आपका रूममेट या आपके डोर्म से कोई और आपके लिए ज़िम्मा लेने के लिए एकदम सही व्यक्ति है।
मैं अपना पंजीकरण स्थिति की जाँच किस प्रकार कर सकता हूँ?	यदि आप सुनिश्चित नहीं हैं, कि आप मतदान के लिए पंजीकृत हैं तो आप आपकी पंजीकरण की स्थिति की ऑनलाइन जाँच यहाँ कर सकते हैं: https://mnvotes.sos.state.mn.us/VoterStatus.aspx।
मिनेसोटा में कौन मतदान कर सकता है?	यदि आप विद्यार्थी हैं, तब आपको चुनाव के 20 दिन पूर्व से मिनेसोटा में रहना होगा और मिनेसोटा में आवास होना चाहिए | यदि आप 2022-2023 स्कूल वर्ष में एमएन लौटे ही *नहीं* हैं और आपके पास कोई आवास (डोर्म, अपार्टमेन्ट, आदि), नहीं है तो आप यहाँ मतदान ***<u>नहीं</u>*** कर सकेंगे। मिनेसोटा में मतदान करने हेतु, आपको चाहिए: - यू.एस. के नागरिक हों - 18 या अधिक उम्र का - चुनाव के कम से कम 20 दिन पूर्व राज्य में रहे हों। - यदि आपको गुंडागर्दी में सजा हुई है, तो आप वर्तमान में "ऑफ पेपर" होना ही चाहिए। - अर्थात् आपकी सजा के सभी हिस्सों के साथ समाप्त होना चाहिए। यदि आप अभिभावकता के अंतर्गत है, तो न्यायाधीश को आपके मत देने के अधिकार को रद्द नहीं करना चाहिए।
कॉलेज के लिए मैं मिनेसोटा गया हूँ, क्या मैं यहाँ मत दे सकता हूँ?	मिनेसोटा में मतदान करने के लिए, आपको चुनाव के दिन कम से कम 18 वर्ष का यु.एस. नागरिक होना चाहिए, और कम से कम 20 दिनों के लिए मिनेसोटा का निवासी होना चाहिए। यदि आपको गुंडागर्दी में सजा हुई है और यदि आपने परिवीक्षा या पैरोल सहित आपकी सजा के सभी भाग पूरे कर लिए हैं, तो आप मतदान कर सकते हैं। राज्य के बाहर ट्यूशन का भुगतान

	करने या अन्य राज्य के ड्राइवर का लायसेंस होने से यह आवश्यक नहीं है कि आप मिनेसोटा में मतदान नहीं कर सकते हैं।
मेरा मतदान आवास क्या है?	**आपको उस पते से मतदान करने के लिए पंजीकरण करना चाहिए जिसे आप वर्तमान में घर मानते है।** कई विद्यार्थियों के लिए, छात्रावास या माता-पिता/ पालक का आवास संभव है। यदि आप अभी भी कॉलेज से पहले जहां रहते थे, वहां जाने के लिए वापस जाते हैं, लेकिन अब इसे अपना घर नहीं मानते हैं, तो आपको वोट देने के लिए पंजीकरण करना चाहिए जहां आप स्कूल में रहते हैं। यदि आप अन्य स्थल से मिनेसोटा आते हैं और वर्तमान में मिनेसोटा का आपका घर समझते हैं, तब आप यहाँ मतदान कर सकते हैं, चाहे आप राज्य के बाहर की ट्यूशन का भुगतान करते हैं या अन्य राज्य का ड्राइवर का लायसेंस है। यदि आप आपके स्कूल के पते को आपका घर नहीं मानते हैं, तो आप अनुपस्थित मतपत्र के साथ डाक से मत के लिए आवेदन कर सकते हैं। यदि आप मिनेसोटा में मतदान कर रहे हैं, तो आप यहाँ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं: https://www.sos.state.mn.us/elections-voting/other-ways-to-vote/vote-early-by-mail/ यदि आप मिनेसोटा में मत नहीं दे रहे हैं, तो आपके गृह-राज्य की वेबसाईट देखें।
मेरा मतदान स्थान कहाँ है?	आपका मतदान स्थल मालूम करने के लिए, इस पर जाएँ mnvotes.org।
चुनाव के दिन अगर मुझे कोई समस्या हो तो मुझे क्या करना चाहिए?	हमें कॉल करें! 833- डीएफएल- वोट। डीएफएल की मतदाता सुरक्षा हॉटलाइन को पूरे दिन स्टाफ (कार्यरत) किया जाएँगा, और वकीलों की एक टीम मिनेसोटा वोटों के बारे में उत्पन्न होने वाले किसी भी मुद्दे को हल करने की प्रतीक्षा करेगी।
चुनाव के दौरान में विदेश में अध्ययन कर रहा हूँ, क्या फिर भी मैं मत दे सकता हूँ ?	हाँ! विदेश अध्ययन करते समय अनुपस्थित मतदान के बारे में अधिक जानने हेतु इस पर जाएँ: https://www.sos.state.mn.us/elections-voting/other-ways-to-vote/vote-from-military-or-abroad/

अधिक जानकारी:

https://dfl.org/voterprotection/ | https://dfl.org/ | | https://mnvotes.gov